<u>जल की प्रत्येक बूँद अमूल्य - डॉ जितेन्द्र जामदार</u>

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर सभागार में विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल की अध्यक्षता में नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. जितेन्द्र जामदार के एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ जुयाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण में मदद करना चाहिये। यह कार्य समाजहित का है एवं हमारा कर्तव्य है कि हम जिस समाज में रहते है उसके प्रति हमारे दायित्व का निर्वाह करना चाहिये।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेन्द्र जामदार ने कहा कि प्रदेश की जल आपूर्ति हेतु माँ नर्मदा का संरक्षण, संर्वधन एवं स्वचछता अति आवश्यक है। हमें हर कीमत पर यह पुण्य कार्य करना है। वर्षा ऋतु के पानी का संचय करने हेतु हमें ऊँचे स्थानों पर बडे आकार के वृक्ष का रोपण करना है। उन्होंने पानी के रिड्यूज, रियूज रिसायकल की बात की महत्ता बताई। कम मात्रा में पानी का उपयोग दुबारा उपयोग एवं गंदे पानी को साफ पानी में परिवर्तन की संभावनाओं का उल्लेख किया।

आज के कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. जी.पी. पांडे, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ आर.पी.एस. बघेल, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. मधु स्वामी सहित समस्त प्राध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. के.पी. सिंह ने किया।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर,